# करंट और जहरीली दवा से दो मौतें



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 12 मई।** जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में मंगलवार को दो अलग-अलग मामलों में शवों का पोस्टमार्टम किया गया। इनमें एक बुजुर्ग की मौत बिजली के करंट लगने से हुई, जबकि दूसरे व्यक्ति की जहरीली दवा के सेवन से जान चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### टूटा बिजली तार बुजुर्ग पर गिरा, दूसरी घटना में व्यक्ति ने खाया जहरीला पदार्थ

जानकारी के अनुसार, राजा की मुड़ेरी गांव निवासी 65 वर्षीय डोंगर सिंह तोमर मंगलवार को अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान घर के लिए बिछाई गई बिजली की लाइन का तार अचानक टूटकर उन पर गिर गया। करंट लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गए और बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिरसौद थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में, सर्किट हाउस रोड निवासी 50 वर्षीय सरवन पाल ने अज्ञात कारणों से जहरीली दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सरवन पाल ने यह कदम किन कारणों से उठाया। कोतवाली थाना पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 12 मई।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए कड़े निर्देशों के परिपालन में करैरा एसडीएम अनुराग निंगवाल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को तहसील करैरा के ग्राम डबरा-दिनारा में दबिश देकर अवैध मिट्टी उत्खनन में लिप्त एक एलएनटी हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर और एक डंपर को मौके से जब्त किया है। बिना किसी वैध अनुमति और रॉयल्टी के प्राकृतिक संपदा का दोहन कर रहे इन वाहनों को प्रशासन ने घेराबंदी कर तत्काल हिरासत में ले लिया।

### अवैध उत्खनन में लगी एलएनटी और डंपर जब्त

करैरा एसडीएम अनुराग निंगवाल ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में खनिज संपदा के अवैध दोहन के विरुद्ध निरंतर निगरानी रखी जा रही है। सूचना प्राप्त होते ही प्रशासनिक टीम ने डबरा-दिनारा पहुंचकर जांच की, जहाँ बिना किसी वैध अनुमति के मिट्टी का उत्खनन और परिवहन पाया गया। मौके पर जब्त किए गए वाहनों को थाना दिनारा के सुपुर्द कर दिया गया है। संबंधितों के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन की गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा।

# पेयजल संबंधी शिकायत के लिए बनाया कंट्रोल रूम

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 12 मई।** ग्रीष्मकाल में शिवपुरी जिले में पेयजल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग में जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर हैण्ड पंप संधारण हेतु शिकायत दर्ज कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का दूरभाष कमांक 07492-223269 रहेगा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि हैंड पंप संधारण अथवा पेयजल संबंधी शिकायत के लिए कोई भी नागरिक कंट्रोल रूम के नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकता है। विकासखंड स्तर

### 07492-223269 पर कर सकते हैं शिकायत

पर भी निगरानी के लिए ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें विकासखण्ड शिवपुरी में के.पी. गुप्ता (9425721089), पोहरी में विनोद गुप्ता (9926297307), पिछोर में आशीष परिहार, 8224002659, खनियाधाना में अवध गुप्ता (9425763517), कोलारस में कु.जूही गुप्ता (7354024038), बदरवास में आदित्य त्यागी (7898287561), करेरा में कु.हिमांशी गुप्ता (8319646523), नरवर में चंद्रकांत भार्गव (9993045349) की ड्यूटी लगाई गई है।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में नर्सों का सम्मान

**भिंड।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में नर्सिंग स्टाफ के सम्मान एवं स्वागत हेतु गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर नर्सों के सेवा भाव, समर्पण और मानवता के प्रति उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नर्से स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत आधारशिला हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं। मरीजों की देखभाल, उपचार प्रक्रिया में सहयोग एवं संवेदनशील व्यवहार के कारण नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। वक्ताओं ने कहा कि नर्सों की मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भाजपा नेता के छोटे भाई के निधन पर परिजनों को बंधाया ढांढस



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 12 मई।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मंगलवार को शिवपुरी पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी जौली मंगल के छोटे भाई स्वर्गीय ओमप्रकाश मंगल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। श्री तोमर ने सराफा बाजार स्थित निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय ओमप्रकाश मंगल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा जौली मंगल एवं शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया।

इस अवसर पर देवेंद्र जैन, डॉ. अजय खेमरिया (मध्यप्रदेश आयुक्त दिव्यांगजन), पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील रघुवंशी, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन ग्वालियर, भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन नखराली, भाजपा जिला पूर्व महामंत्री सोनू बिरथरे, सोनू खटीक एवं राजकुमार खटीक, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, पूर्व पार्षद रिंकू परमार, कप्तान सेंसारी, महेंद्र सेंगर, राजेश दुबे, अर्पित भार्गव, मोनू कसना कंसाना सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने स्वर्गीय ओमप्रकाश मंगल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया।

# उर्वरक वितरण केंद्रों पर सुचारू रूप से वितरण के लिए प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्थाएं

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 12 मई।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा लगातार उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। उनके द्वारा स्वयं भी उपार्जन केंद्रों का सतत भ्रमण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उपार्जन व्यवस्था को बेहतर और सुचारू रखना है ताकि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को असुविधा न हो और सभी समुचित व्यवस्थाओं के साथ उपार्जन कार्य हो। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बदरवास में खाद के लिए धूप में परेशान होते किसानो की खबर प्रसारित हो रही थी। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तत्काल मार्कफेड के जिला अधिकारी और कृषि विभाग के उपसंचालक से जानकारी ली और व्यवस्थाओं को लेकर निर्देशित किया। इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है।बदरवास में खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है तथा किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

ई-टोकन वितरण केंद्र बीआरसी भवन बदरवास पर किसानों के लिए छाया एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। बीआरसी भवन का बरामदा एवं छायादार वृक्ष उपलब्ध हैं। साथ ही पेयजल के लिए 24 घंटे बोरवेल की सुविधा उपलब्ध है। भीषण गर्मी को

### भ्रामक खबरों पर दी वस्तुस्थिति की जानकारी

देखते हुए अतिरिक्त ग्रीन मैटी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कृषक बीआरसी भवन में ई-टोकन स्कैन कर एवं पॉस मशीन में अंगूठा लगाकर लगभग 400 मीटर दूरी पर स्थित मार्कफेड के भंडारण केंद्र से उर्वरक प्राप्त कर रहे हैं। बीआरसी भवन बदरवास से 82 कृषकों द्वारा ई-टोकन स्कैन कर एवं पॉस में अंगूठा लगाकर मार्कफेड भंडारण केंद्र बदरवास से 2.8 मैट्रिक टन यूरिया एवं 28.35 मैट्रिक टन एनपीके उर्वरक प्राप्त किया गया। वहीं खरीफ सीजन में 1 अप्रैल से आज दिनांक तक 356 कृषकों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से 37.755 मैट्रिक टन यूरिया, 25 मैट्रिक टन डीएपी एवं 65.9 मैट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। उक्त अवधि में ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था को लेकर किसी भी कृषक द्वारा धूप में घंटों लाइन में लगने अथवा छाया एवं पानी संबंधी शिकायत विभाग को प्राप्त नहीं हुई है। जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा वितरण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। कृषि विभाग एवं मार्कफेड के अधिकारी-कर्मचारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

# सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार के लिए 30 तक मांगे आवेदन, विजेता किसानों को मिलेगी सम्मान राशि

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 12 मई।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अंतर्गत आत्मा योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

परियोजना संचालक (आत्मा) ने बताया कि इस योजना के माध्यम से जिले के उन उन्नतशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त किया है। जिला स्तर पर चुने गए सर्वश्रेष्ठ किसान को 25,000 रुपये तथा विकासखंड स्तर पर विजेता किसान को 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 30 मई 2026 तक जमा करना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे किसान जिन्हें पिछले 3 वर्षों में इस पुरस्कार से नवाजा जा चुका है, वे इस बार आवेदन के पात्र नहीं होंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अन्य किसानों को भी नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**भिंड।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार भिंड में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न सिंचाई एवं पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से कनेरा उद्वहन सिंचाई एवं पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए कार्य की भौतिक प्रगति, कार्य पूर्ण होने की समय-सीमा एवं क्रियान्वयन में हो रहे विलंब के कारणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कनेरा योजना के अंतर्गत डाली जा रही पाइपलाइन के ज्वाइंट पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण और मजबूत हों, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की लीकेज की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# नि :शुल्क विवाह सम्मेलन में जीतू रघुवंशी की सामाजिक पहल



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 12 मई।** झा/ओझा समाज के द्वितीय नि:शुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में सामाजिक संवेदना और सहयोग का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी जीतू ने 14 नवविवाहित कन्याओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए उपहार स्वरूप 14 सिलाई मशीनें सप्रेम भेंट कीं। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने उनके इस योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### 14 नवविवाहित कन्याओं को भेंट की सिलाई मशीनें

भव्य आयोजन ओझा समाज युवक मंडल मप्र समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें 14 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। सम्मेलन में समाज की एकजुटता, परंपरा और सामाजिक उत्तरदायित्व का विशेष संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों एवं समाजजनों द्वारा मुख्य अतिथि जीतू रघुवंशी का तिलक, माल्यार्पण, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बबलेश ओझा (राज), मनोज ओझा, मुनेश झा, टिंकल झा, एडवोकेट कृष्णकांत झा, गोविंद ओझा, सोनू ओझा, प्रदीप ओझा, अभिषेक ओझा, रविन्द्र ओझा, राजू ओझा, नीरज ओझा, सत्येंद्र झा, अनुज झा एवं अरविंद ओझा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष नंदकिशोर ओझा, रामगोपाल ओझा, रामदयाल झा, मथुरा प्रसाद झा, जगदीश झा, हरगोविंद ओझा, मांगीलाल ओझा, बृजमोहन ओझा, डॉ. पहलवान सिंह ओझा, पं. आचार्य महेश झा, मातादीन ओझा, रामकुमार ओझा, अनिल ओझा (अन्नू), शिवकुमार झा, अरुण विश्वकर्मा एवं दीप ओझा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं महिला मंडल से श्रीमती सुषमा ओझा, श्रीमती राधा ओझा एवं श्रीमती नीतू झा का सहयोग भी सराहनीय रहा।

## जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम बाराकला में पंचायत भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**भिंड।** जिला पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान ने मंगलवार को जनपद पंचायत भिंड अंतर्गत ग्राम बाराकला पहुंचकर ग्राम पंचायत भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने संबंधित उपयंत्री को स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत भवन का निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।




# राजगढ़ चौराहा से लेकर गोविंदगंज तक का सड़क मार्ग पहुंचा बदहाल हालत में

**रमाकांत मिश्रा**

**दतिया 12 मई।** नगर का मुख्य मार्ग इस समय बदहाल हालत में है आलम यह हैं कि वाहन चालकों का इस मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया हैं साथ ही वाहन चालकों में हादसे का शिकार होने का डर भी बना रहता हैं।

### गहरे गड्ढे होने से वाहन चालक खा रहें हैं हिचकोले



राजगढ़ चौराहा से लेकर गोबिंद गंज तक मार्ग कि हालत बहुत ही ख़राब हो गई हैं।

**काफ़ी दिनों से है मार्ग बदहाल हालत में-** यह मार्ग दतिया नगर का मुख्य मार्ग हैं परंतु मार्ग कि खस्ता हालत हों गई हैं वाहन चालकों को इस मार्ग से निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

काफ़ी लम्बे समय से दतिया नगर बासी कर रहें हैं मार्ग के निर्माण कि मांग-दतिया नगर बासी काफ़ी लम्बे समय से मार्ग के निर्माण कि मांग कर रहें हैं परंतु नगर वासियों कि इस गंभीर समस्या के प्रति किसी का कोई ध्यान नहीं हैं।

**पूर्व में हों चुके अनेक हादसे-**सड़क मार्ग इतने बदहाल हालत में पहुंच चुका हैं कि अनेकों वाहन चालक हादसे का शिकार हो चुके हैं चूंकि इंकांगी मार्ग होने से दतिया नगर कि 90 प्रतिशत आबादी आवागमन के लिए इस मार्ग का उपयोग करतीं हैं।

**मार्ग में इन स्थानों पर है गहरे गड्ढे जो देते हैं हादसों को आमंत्रण-** मार्ग में सबसे अधिक गहरे गड्ढे इन स्थानों पर है पार्षद गुड़ी साहू जी के निवास के सामने राजगढ़ चौराहा कि टेक पर श्री हनुमान जी मंदिर के समीप वीरेंद्र सोनी के निवास के सामने पूर्व नपा अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल के निवास के समीप। सड़क मार्ग काफ़ी लम्बे समय से बदहाल हालत में हैं यदि समय रहते सड़क मार्ग का निर्माण नहीं किया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**क्या कहते हैं स्थानीय निवासी...**



मार्ग में गड्ढे होने से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं में स्वयं वाहन चलाते समय हादसे का शिकार होते-होते बच्चा यदि समय से इस सड़क मार्ग का निर्माण नहीं हुआ तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

**ऋषि गोस्वामी**



मेरा निवास इसी मार्ग पर है सड़क मार्ग कि खस्ता हालत वाहन चालकों के लिए सिरदर्द बन गई हैं गहरे गड्ढे होने से वाहन चालक हिचकोले खाते नज़र आते हैं साथ ही इन गड्ढों कि वजह से पीठ से संबंधित समस्याएं हो रही हैं।

**महेंद्र जैन**
**एडवोकेट**

